an>

Title: Need for construction of service road along every toll road in Sabarkantha Parliamentary Constituency of Gujarat.

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

हर टोल रोड पर कम्पलसरी लोकल ट्रैफिक के लिए सर्विस रोड बनाई जाए। आज के समय में ज्यादातर लोगों के पास कार होना स्वाभाविक है। मेरे साबरकांठा मत क्षेत्र में टोल रोड है, उस टोल रोड पर जिले के वाहनों की आवजाही के सर्विस रोड नहीं बनाई गयी है, जिसके वजह से जिले के लोगों से टोल फी वसूली जाती है। गुजरात में मेहसाणा-बड़ौदा-हालोर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सर्विस रोड का प्रबंध किया गया था और वहां लोकल लोगों को बिना किसी फीस के यह सुविधा दी गयी थी, लेकिन पिछली सरकार ने यह सर्विस रोड नहीं बनाने का निर्णय लिया और लोकल वाहनों से भी फीस वसूलना शुरू किया।

इसलिए संबंधित मंत्रालय मेरी मांग है कि जिले के वाहनों से किसी भी प्रकार से फीस न वसूली जाए और ऐसा सर्विस रोड बनाने का जो नियम रद्द किया गया है, उसे शुरू किया जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री सुधीर गुप्ता, श्री रोड़मल नागर, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री डी.एस.राठौड़ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।